नर सेवा

नारायण सेवा

अक्टूबर 2021 | संस्करण. 2 |अंक. 7







# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी उत्तराखण्ड

## अक्टूबर 2021
## मासिक वृतांत

# माह विशेष

## 27 अक्टूबर: धर्मावाला



SVHM सोसाइटी द्वारा श्री विपिन चंद्र जी, मुख्य आयुक्त (आयकर विभाग) को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया |



श्री विपिन चंद्र जी, मुख्य आयुक्त (आयकर विभाग) धर्मावाला चिकित्सालय के भ्रमण के लिए आये थे। सभी विभागों को देखने के बाद उन्होंने कहा की "इस केंद्र में मिशन और उनकी टीम द्वारा दी जा रही सुविधाओ को देखकर मै अभिभूत हूँ, मेरा चिकित्सालय परिवार तथा उनकी पूरी टीम को सादर नमन" । मेरा आग्रह है की इसे यूँ ही बनाये रखे तथा अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के पथ पर बढ़ते रहें ।



आयकर विभाग मुख्यालय में आयकर अधिकारियों के साथ SVHM सोसाइटी के सदस्य

"मुख्य आयुक्त आयकर (CCIT), उत्तराखण्ड ने SVHM सोसाइटी को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उत्थान और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले सबसे विस्वसनीय समाज सेवा संगठनों में से एक के रूप में चिन्हित किया है। उत्तराखण्ड सरकार के "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" समारोह के उपलक्ष में, मुख्य आयुक्त द्वारा SVHM सोसाइटी के सदस्यों को दिनांक 28 अक्टूबर को आयकर विभाग मुख्यालय में आमंत्रित किया गया । उन्होंने सोसाइटी द्वारा किये जा रहे मानवीय कार्यों का एक प्रस्तुतीकरण आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष साझा किया।

## 20 अक्टूबर: धर्मावाला



श्री युद्धवीर जी, प्रान्त प्रचारक, RSS उत्तराखण्ड ने अन्य पदाधिकारियों के साथ धर्मावाला चिकित्सालय का भ्रमण किया। उन्होंने इतनी कम अवधि में चिकित्सालय की सुविधाओं और सेवाओं की प्रगति एवं विस्तार की भरपूर सराहना की।

## 19 अक्टूबर : हरिद्वार
## नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर
## कुल 5 ऑपरेशन किये गए



डॉ. अनिल शर्मा (नेत्र सर्जन), अंबाला मोतियाबिंद ऑपरेशन करते हुए



डॉ. अनिल शर्मा, हरिद्वार चिकित्सालय टीम के साथ

## 22 और 23 अक्टूबर गंगोत्री धाम नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर



दन्त चिकित्सा कराते एक लाभार्थी

नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (NMO), टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (THDC) लिमिटेड और सीमा डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, ऋषिकेश के संयुक्त सहयोग से गंगोत्री धाम चिकित्सालय में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर से कुल 148 लोग लाभान्वित हुए।



शिविर का उद्घाटन, साध्वी धर्मनिष्ठा जी, गंगोत्री धाम, महंत रमेश जी (मातेश्वरी अन्नक्षेत्र गंगोत्री धाम), श्री राजपुष्प जी (विभाग प्रचारक, RSS टिहरी विभाग) एवं डॉ. हिमांशु जी (प्रधानाचार्य, सीमा डेंटल कॉलेज ऋषिकेश ) के द्वारा किया गया।

# माह विशेष



## SVHM शिक्षा अभियान: धर्मावाला

धर्मावाला चिकित्सालय के स्टाफ सुश्री वंदना पुंडीर, (ऑप्टोमेट्रिस्ट) और श्री ओंकार श्रीवास्तव, (कार्यालय सचिव) के द्वारा अपने खाली समय में चिकित्सालय के आसपास रहने वाले श्रमिकों के छोटे बच्चे जो की किसी भी तरह की शिक्षा से वंचित हैं, उन्हें देर शाम एक घंटे पढ़ाकर सामाजिक योगदान दिया। यह शिक्षा सत्र उनके घरों के पास ही आयोजित हुए । दस वर्ष से कम व विभिन्न आयु वर्ग के ये बच्चे बुनियादी पढ़ने और लिखने के कौशल सीख रहे हैं। साथ ही उन्हें प्राथमिक अंग्रेजी, हिंदी और गणित भी पढ़ाई जा रही है। इनके लिए पुस्तक, पेन, पेंसिल इत्यादि हमारे चिकित्सालय के मुख्य लेखा अधिकारी श्री रोहित द्वारा प्रदान की गई ।

उल्लेखनीय है कि धर्मावाला चिकित्सालय पहले से ही इन श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करता रहा है।



चल रही रात्रि शिक्षा सत्रों की एक झलक



## कोरोना योद्धा सम्मान: धर्मावाला

धर्मावाला चिकित्सालय के डॉ. दीपक सिन्हा को कोविड महामारी के दौरान प्रदान की गई सेवाओं के लिए उत्तराखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा "कोरोना योद्धा सम्मान" से सम्मानित किया गया।

## SVHM में दीपावली कार्यक्रम

### कुछ झलकियाँ



धर्मावाला - द्वीप प्रज्ज्वलन



धर्मावाला - खेल सत्र



धर्मावाला - कार्यक्रम पश्चात मधुर भोज



मनेरी - उपहार वितरण



नारायणकोटी - खेल सत्र



बड़कोट - उपहार वितरण



पीपलकोटी - उपहार वितरण



पेटशाल - द्वीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन



हरिद्वार - उपहार वितरण



गंगोत्री धाम -दीपावली मानते हुए

**दी हंस फाउंडेशन से पूज्य माता श्री मंगला जी और पूज्य भोले जी महाराज ने SVHM चिकित्सालय के सभी स्टाफ को दीपावली उपहार भेजकर अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।**

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## हरिद्वार



### शिविर: 11; लाभार्थी: 707

शिविर में दी जाने वाली सेवाओं में रक्तचाप, तापमान और ऑक्सीजन लेवल (SPO2) माप और मधुमेह के आंकलन सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच शामिल थी।

इन शिविरों में त्वचा, आंख, पैथोलॉजी, दंत चिकित्सा और आयुर्वेद की विशेषज्ञता उपलब्ध थी। हमेशा की तरह निर्धारित दवाओं सहित सभी सुविधाएं पूरी तरह से नि:शुल्क दी गईं।



02-10-2021: मीरपुर गांव



04-10-2021: तेलीवाला गांव



06-10-2021: वाल्मीकि आश्रम



10-10-2021: राजा बाबू पब्लिक इंटर कॉलेज



20-10-2021: गैंडीखाट गांव




21-10-2021: रानीमाजरा गांव



23-10-2021: पंजनहेरी गांव

26-10-2021: फेरूपुर गांव



27-10-2021: हद्दीपुर गांव



28-10-2021: औरंगाबाद गांव



30-10-2021: गढ़-मीरपुर गांव



**शिविर में आए रोगी जिन्हें अपनी बीमारी का प्रथम बार पता चला :**

- उच्च रक्तचाप: 52
- मधुमेह: 37

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर हरिद्वार

**शिविर: 4**

**लाभार्थी: 899**


डॉ. शरद पांडे,
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन, नई दिल्ली


डॉ. ओ. पी. मीणा,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, नई दिल्ली


डॉ. पवन कुमार,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, रुड़की


डॉ. संदीप सुपेहिया,
एंडोक्रिनोलॉजिस्ट, नई दिल्ली


डॉ. राहुल चंदोला,
हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण सर्जन, दिल्ली


डॉ. राजीव कुरेले,
आयुर्वेदिक चिकित्सक, हरिद्वार


डॉ. विकास ढिल्लो,
ई.एन.टी. विशेषज्ञ, करनाल


डॉ. मनीष गुप्ता, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट,
गाज़ियाबाद


डॉ. अभय कुमार,
लेप्रोस्कोपिक सर्जन, देहरादून


डॉ. प्रशांत जैन,
यूरोलॉजिस्ट, नई दिल्ली


डॉ. नवीन अग्रोही, हड्डी रोग
विशेषज्ञ, रुड़की


डॉ. हरीश चौहान, आयुर्वेदिक
चिकित्सक, हरिद्वार


डॉ. अतुल खंडेलवाल,
यूरोलॉजिस्ट, सोनीपत


डॉ. बबीता अहलावत, दंत
चिकित्सक, करनाल


डॉ. हिमांशु गरकोटी, नेत्र रोग
विशेषज्ञ, नई दिल्ली


डॉ. नितिन कुमार,
फिजिशियन, देहरादून


डॉ. आरूषी ढिल्लो,
स्त्री रोग विशेषज्ञ, करनाल


डॉ. संजीत गोइत,
ई.एन.टी. विशेषज्ञ, नई दिल्ली


डॉ. अशोक कुमार,
ई.एन.टी. विशेषज्ञ, करनाल


डॉ. सुधि,
एनेस्थेटिस्ट, रुड़की

**शिविर के दौरान की गई सर्जरी : 8**

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर - धर्मावाला

**शिविर: 4**
**लाभार्थी: 1311**



प्रो. डॉ. एस. के. बक्शी,
वरिष्ठ फिजिशियन, मुजफ्फरनगर



डॉ. विकास बंसल (यूरोलॉजिस्ट, नई दिल्ली) और डॉ. देवप्रिया (यूरोलॉजिस्ट, नई दिल्ली) के नेतृत्व में हो रही सर्जरी



प्रो. डॉ. प्रशांत लवानिया,
यूरोलॉजिस्ट, आगरा



डॉ. सुधीर सिंह,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, आगरा

**शिविर के दौरान की गई सर्जरी: 15**



प्रो. डॉ. सागर लवानिया,
मनोचिकित्सक, आगरा

# सर्जरी शिविर - पेटशाल 3 अक्टूबर



**शिविर के दौरान की गई सर्जरी: 11**



डॉ. एम. हमीदी (वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक और जनरल सर्जन, नोएडा) और डॉ.राहुल सिंह (सीनियर एनेस्थेटिस्ट, नोएडा) SVHM पेटशाल टीम के साथ

# उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ)

## केदारनाथ धाम चिकित्सालय

**केदारनाथ धाम चिकित्सालय जो 2 सितंबर 2019 को शुरू हुआ था, मात्र 100 दिनों की छोटी अवधि में ही 21,268 रोगियों की सेवा की। इस वर्ष भी मात्र 39 दिनों में, 11,629 रोगियों का उपचार किया गया, जिनका दैनिक औसत लगभग 300 था। उल्लेखनीय है की ICU युक्त एवं चौबीसों घंटे सुविधा देने वाला यह चिकित्सालय पूरी तरह से निःशुल्क है ।**

### 03-10-2021

- लुधियाना के एक 33 वर्षीय तीर्थयात्री खच्चर की सवारी करते समय नीचे गिर गए, जिससे उनकी पीठ और पैरों में चोट लग गई।
- उन्हें खच्चर पर ही चिकित्सालय लाया गया परन्तु अत्यधिक पीड़ा में होने के कारण वह खच्चर से उतरने में असमर्थ थे और वहीं बैठे रहे।
- उसकी ऐसी अवस्था को ध्यान में रखते हुए चिकित्सालय के स्टाफ ने वहीं पर उसका उपचार शुरू कर दिया और फिर कुछ राहत मिलने के बाद उन्हें चिकित्सालय में भर्ती कर आगे का उपचार दिया गया। स्थिर होने के पश्चात उन्हें छुट्टी दे दी गई ।
- रोगी और उसके संबंधी स्टाफ और चिकित्सालय द्वारा प्रदान की गई सेवाओं और सुविधाओं के लिए अत्यंत कृतज्ञ थे।



### 15-10-2021

- हरियाणा के एक 29 वर्षीय तीर्थयात्री केदारनाथ धाम से लौटते समय फिसल कर गिर गए और उनके दाहिने पैर के निचले हिस्से में चोट लग गई। वह चलने में पुर्णतः असमर्थ थे और कोई साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें चिकित्सालय लाना संभव नहीं था।
- रोगी के बारे में सुचना मिलते ही, हमारे चिकित्सालय के स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचे जो के लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर था और रोगी को एक स्ट्रेचर के माध्यम से चिकित्सालय लेकर आ गए ।
- एक्स-रे में दाहिनी जांघ की हड्डी (femur) में फ्रैक्चर का पाया गया।
- चोटिल अंग पर प्लास्टर कास्ट लगा दिया गया और हालत स्थिर होने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई ।



### 06-10-2021



रोगी द्वारा दिया गया वर्णन सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें



https://www.youtube.com/watch?v=OEtFXxUEhmo

- केदारनाथ धाम की यात्रा को आये एक पर्यटक समूह के सदस्यों में से एक को रास्ते में ही ठंड के साथ तेज बुखार तथा सांस लेने में तकलीफ की शिकायत हुई और उसे चलने में भी परेशानी होने लगी।
- हमारे चिकित्सालय की टीम को जब इस रोगी के बारे में सूचना मिली तो तेजी दिखाते शीघ्र ही मौके पर पहुंच गई। रोगी को तुरंत आवश्यक उपचार वहीं पर दिया गया और फिर उसे आगे की देखभाल के लिए चिकित्सालय लेकर आ गए।
- बाद में रोगी की हालत स्थिर होने पर छुट्टी दे दी गई।
- केदारनाथ धाम में इस तरह की स्वास्थ्य सुविधा व देखभाल प्रदान करने के लिए रोगी सहित पूरा समूह चिकित्सालय और सोसाइटी का बहुत आभारी था।

### 14-10-2021



रोगी द्वारा दिया गया वर्णन सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें

youtube.com/watch?v=TOd9H8vau40

- केदारनाथ धाम के दर्शन को आये उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी के एक तीर्थयात्री चिकित्सालय में सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी की शिकायत के साथ आये।
- रोगी की आवश्यक जांच और उपचार किया गया जिसमें की ऑक्सीजन सपोर्ट भी शामिल था क्योंकि उसका Spo2 70% से कम था।
- रोगी की हालत स्थिर होने पर उसे छुट्टी दे दी गई।
- रोगी हमारे चिकित्सालय के हर स्टाफ के प्रति हृदय से आभारी था।

### 17-10-2021




रोगी द्वारा दिया गया वर्णन सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें

https://www.youtube.com/watch?v=VSUyMoBsAe4

- देहरादून से एक पर्यटक उत्तराखण्ड में ट्रेकिंग अभियान के दौरान गिर गए जिससे उसके बाएं हाथ के अंगूठे की हड्डी में चोट लग गई।
- कुछ प्राथमिक उपचार कराने के बाद, वह हमारे चिकित्सालय में आये ।
- एक्स-रे कराने पर बाएं अंगूठे के जोड़ में हड्डी अपनी जगह से खिसक जाने का पता चला। जोड़ को स्थिर करने के बाद उन्हें आवश्यक प्लास्टर कास्ट दिया गया और फिर छुट्टी दे दी गई।
- वह कृतज्ञता से भरे हुए थे और सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के प्यार और देखभाल के साथ उपचार कहीं और संभव नहीं है तथा इतनी ऊँचाई वाले क्षेत्र में इस तरह की स्वास्थ्य सेवा देना एक सराहनीय कार्य है ।

# उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ)

## धर्मावाला चिकित्सालय

**06-10-2021**

- 26 वर्ष की आयु के एक पुरुष रोगी को 2-3 महीने से चेहरे में दर्द और भारीपन के साथ बड़े आकार के मैक्सिलरी साइनस सिस्ट से (Maxillary sinus cyst) पीड़ित होने का पता चला, जिसे सर्जरी की आवश्यकता थी।
- डॉ. निमिश (मैक्सिलोफेशियल सर्जन) और डॉ श्रेया (ई.एन.टी. सर्जन) की टीम द्वारा की गई मरीज की bilateral Caldwell LUC सर्जरी हुई और सिस्ट को सफलतापूर्वक हटा दिया गया।

**13-10-2021**

- चेहरे की विषमता के साथ 24 वर्षीय एक महिला को हेमीफेशियल माइक्रोसोमिया होने का पता चला ,यह एक जन्मजात रोग है, जिसमें चेहरे के एक तरफ की मांस पेशियाँ अविकसित होती हैं।
- डॉ. निमिश (मैक्सिलोफेशियल सर्जन) और डॉ. श्रेया (ई.एन.टी. सर्जन) की टीम द्वारा रोगी के कान की विकृति, जाइगोमा (गाल की हड्डी) का सुधार और मास्टॉयड और रेट्रोमोलर बोन ग्राफ्ट (mastoid and retromolar bone graft) सर्जरी कर सुधार कर दिया गया।

"इन दोनों सर्जरी को जो खास बनाता है वह यह है कि यहां इतनी जटिल और आधुनिक सर्जरी न्यूनतम लागत में की जा रही है। सामाजिक-आर्थिक रूप से निम्न वर्ग के रोगियों के लिए यह प्रक्रिया आम तौर पे काफी महंगी होती है और उन्हें इसके लिए काफी दूर जाना पड़ता है।"





ऑपरेशन होते हुए



ऑपरेशन से पहले



ऑपरेशन के बाद

## एनीमिया कार्यक्रम की कुछ उपलब्धियां



**आयु: 5 वर्ष**
**HB: 7-->11 gm/dl**

उपचार से पहले के : भूख में कमी, चिड़चिड़ापन, गुस्सैल
उपचार के बाद: अच्छी भूख, खुशमिजाज, कोई चिड़चिड़ापन और गुस्सा नहीं। माता-पिता भी बहुत खुश हुए।
उपचार की अवधि: 3 महीने
फॉलोअप विजिट : 12

**आयरन युक्त आहार का दैनिक सेवन:**

- दिन में एक बार हरी पत्तेदार सब्जियां।
- गाजर दिन में एक बार।
- स्थानीय रूप से उपलब्ध साग सप्ताह में तीन बार।
- हरी मूंग दाल (एक दिन छोड़कर )।

लोहे की कढ़ाई का उपयोग।

**आयु: 24 वर्ष**
**HB: 10.1 -> 14.6 gm/dl**

उपचार से पहले: कमजोरी, थकान, अवसादग्रस्त और सुस्त।
उपचार के बाद: काम में सक्रिय, आत्मविश्वास से भरपूर, सिलाई सीखना शुरू किया, चेहरे पर चमक।
उपचार की अवधि: 3 महीने
फॉलोअप विजिट : 6

**आयरन युक्त आहार का दैनिक सेवन:**

- हरी पत्तेदार सब्जियां दिन में दो बार।
- गुड़-चना प्रतिदिन।
- दाल, काला चना, अरहर, मसूर (एक दिन छोड़कर )। हर दाल के साथ नींबू का प्रयोग ।
- पपीता हफ्ते में 4 बार।

लोहे की कढ़ाई का उपयोग ।



## गंगोत्री धाम चिकित्सालय

**21-10-2021**



- बेंगलुरू की एक महिला तीर्थयात्री चक्कर और बेचैनी की शिकायत के साथ हमारे चिकित्सालय में आयी ।
- जांच में उसे एल्टीट्यूड सिकनेस (Altitude Sickness) से पीड़ित पाया गया।
- उसे तुरंत आवश्यक उपचार दिया गया ।
- बाद में उसे स्वस्थ अवस्था में छुट्टी दे दी गई।

रोगी द्वारा दिया गया वर्णन सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें https://www.youtube.com/watch?v=HkSUzwCmqJw&t=2s

**08-10-2021**

- राजस्थान की 37 साल की एक महिला तीर्थयात्री को सांस लेने में तकलीफ और चक्कर आने की शिकायत के साथ लाया गया था।
- उसका SPO2 72% से भी कम था और वह एल्टीट्यूड सिकनेस (Altitude Sickness) से पीड़ित थी ।
- तत्काल ऑक्सीजन और आवश्यक उपचार प्रदान करके उसे स्थिर किया गया।
- स्वस्थ होने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई |



रोगी द्वारा दिया गया वर्णन सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें https://www.youtube.com/watch?v=DcoMbja3VK4

- मध्य प्रदेश की एक महिला तीर्थयात्री को यमुनोत्री धाम जाते समय दाहिने हाथ में चोट लग गयी थी और कोई सुविधा न होने के कारण दो दिनों तक अत्यधिक दर्द में रही।
- जब गंगोत्री धाम पहुंची तो केवल दवा लेने की धारणा के साथ हमारे चिकित्सालय में आई पर जब उसे और उसके सम्बन्धियों को हमारे यहाँ की सुविधाओं के बारे में जानकारी हुए तो वह सभी आश्चर्यचकित रह गए ।
- आगरा के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन गर्ग उस समय दस दिनों की स्वैच्छिक सेवा के लिए वहां आये हुए थे ।
- एक्सरे में उस महिला की दाहिनी कलाई में फ्रैक्चर का पता चला और उसे तत्काल प्लास्टर और अन्य आवश्यक उपचार प्रदान कर दिया गया।
- इतनी ऊंचाई पर इस तरह की गुणवत्तापूर्ण और उन्नत सुविधाओं को देखकर रोगी और उसके परिजन हैरान रह गए, तथा चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया ।

**23-10-2021**



डॉ. पवन गर्ग,
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ

# सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

## धर्मावाला



### एनीमिया चिकित्सा एवं रोकथाम कार्यक्रम



खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच



खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच



वजन माप



फॉलोअप विजिट

### स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम





स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर का जागरुकता सत्र

### My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम



My Pad (Menstrual Hygiene) का जागरुकता सत्र





My Pad लाभार्थी

# आंकड़े

## 1 सामुदायिक महिला स्वास्थ्य

### एनीमिया चिकित्सा एवं रोकथाम कार्यक्रम

| | कुल |
|---|---|
| घरों का भ्रमण | 150 |
| संपर्क किए गए लाभार्थी | 715 (नए: 253; पुराने: 462) |
| उपचाराधीन | 798 (नए:101; पुराने: 697) |

#### त्रैमासिक फॉलोअप (उपचार के 3 माह बाद )

| | कुल |
|---|---|
| घरों का भ्रमण | 293 |
| संपर्क किए गए लाभार्थी | 402 |

| Hb | कुल |
|---|---|
| बढ़ोतरी | 43 |
| पहले जितना | 8 |
| गिरावट | 9 |

| लक्षण | कुल |
|---|---|
| पूरी तरह से ठीक | 30 |
| सुधार | 24 |
| पहले की तरह | 6 |

#### रेगुलर फॉलोअप

| | कुल |
|---|---|
| घरों का भ्रमण | 45 |
| संपर्क किए गए लाभार्थी | 60 |
| खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जांचें | 60 |

| पाए गए | कुल |
|---|---|
| नियमित | 320 |
| अनियमित | 55 |
| ड्राप आउट | 15 |
| अनुपस्थित | 12 |

### स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| जागरूकता सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या | 83 |
| एलीजिबल लाभार्थी | 31 |
| धर्मावाला चिकित्सालय में की गयी कुल स्क्रीनिंग | 28 |

### MY PAD (MENSTRUAL HYGIENE) कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| Menstrual Hygiene कार्यक्रम के संबंध में व्यक्तिगत परामर्श (counselling) सत्र में भाग लेने वाली किशोरियों और मासिक धर्म वाली महिलाओं की संख्या | 100 |
| कुल My Pad लाभार्थियों की संख्या | 34 |
| कुल वितरित reusable cloth pads | 67 |

## 2 सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य

| | कुल |
|---|---|
| घरों का भ्रमण | 155 |
| संपर्क किए गए एलीजिबल लाभार्थी | 109 (पुरुष: 30; स्त्री:79) |
| संदिग्ध रोगी | 31 (पुरुष: 9; स्त्री: 22) |


| अंतिम रविवार Psychiatric Camp 31-10-2021 | कुल |
|---|---|
| उपचारित | 23 (पुरुष: 11; स्त्री: 12) |
| पुराने | 7 |
| नए | 16 |

| | |
|---|---|
| डिप्रेशन | 9 |
| गुस्सैल | 1 |
| ओ सी डी | 1 |
| सिजोफ्रेनिया | 1 |
| साइकोटिक डिसआर्डर | 1 |
| सोमाटोफॉर्म डिसआर्डर | 1 |
| मिर्गी/दौरे | 1 |
| स्लीपिंग डिसआर्डर | 7 |
| रेफ़र किए गए | 1 |

# आंकड़े





| चिकित्सालय | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 7371 | 225 | 781 | 312 | 36 |
| मनेरी | 35 | 2 | 24 | 2 | 6 |
| नारायणकोटी | 793 | 55 | 190 | 55 | 25 |
| बड़कोट | 601 | 11 | 242 | 41 | 63 |
| पीपलकोटी | 276 | 23 | 54 | 10 | 10 |
| बद्रीनाथ धाम | 459 | 46 | 44 | 16 | 2 |
| पेटशाल | 605 | 34 | 118 | 14 | 18 |
| केदारनाथ धाम | 452 | 992 | 26 | 10 | 13 |
| हरिद्वार | 4598 | 84 | 347 | 187 | 12 |
| गंगोत्री धाम | 235 | 121 | 38 | 0 | 26 |
| कुल | 15425 | 1593 | 1864 | 647 | 211 |




| चिकित्सालय | सर्जरी | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 70 | 26 |
| नारायणकोटी | 0 | 5 |
| बड़कोट | 0 | 28 |
| बद्रीनाथ | 0 | 7 |
| पेटशाल | 14 | 0 |
| हरिद्वार | 8 | 5 |
| कुल | 92 | 71 |

सर्जरी के प्रकार: जनरल, यूरो, ई एन टी, ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल एवं नेत्र रोग




सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार के चिकित्सालयों में उपलब्ध है।
**TIFFA (LEVEL II) स्कैन केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है।**

| | |
|---|---|
| पंचकर्म (आयुर्वेद) | 77 |
| सी टी स्कैन | 254 |
| एंडोस्कोपी | 52 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 8 |

सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है।

| 30903 | 163 | 1593 | 1864 | 1253 | 15425 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | अल्ट्रासाउंड | लैब जाँच |

**नर सेवा** **नारायण सेवा**

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## मासिक वृतांत

## अक्टूबर 2021

आपका अमूल्य दान है एक वरदान :
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256
IFSC Code: SBIN0010626
Branch Name: CST Herbertpur, Dehradun

https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk
https://www.instagram.com/svhmuk/
svhmuk@gmail.com; anujdrs@gmail.com

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।


धर्मावाला , देहरादून



मनेरी, गंगोत्री मार्ग


नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग


पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग


बद्रीनाथ धाम , चमोली


पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग, अल्मोड़ा


केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग


हरिद्वार


गंगोत्री धाम , उत्तरकाशी